

# बालक की निर्मम हत्या, घर में नीले ड्रम के अंदर छिपा मिला शव

## संदेही का घर-दुकान और मोबाइल बंद, तलाश में जुटी पुलिस टीम

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 20 अप्रैल. कोलगवां थाना अंतर्गत शहर के पुराने बस स्टैण्ड के निकट स्थित बैंक कालोनी क्षेत्र में सोमवार की दोपहर उस वक्त सनसनी फैल गई जब 11 वर्षीय बालक की निर्मम हत्या की घटना सामने आई. बालक का रक्त रंजित शव उसी के घर में नीले ड्रम में छिपाकर रखा गया था. इस मामले में जो व्यक्ति प्रमुख संदेही के तौर पर सामने आ रहा है उसके घर और दुकान पर न सिर्फ ताला लटका हुआ है, बल्कि उसका मोबाइल भी बंद हो चुका है.**

आस पास के घरों में रोजमर्रा का काम निबटा कर दोपहर लगभग 3 बजे जब श्रीमती आशा रजक अपने घर पहुंचीं तो दरवाजे पर ताला लटका मिला. उनके 11 वर्षीय बेटे शिवराज रजक का एक जूता दरवाजे के बाहर पड़ा था और घर के अंदर से पंखा चलने की आवाज आ रही थी. यह देखते ही आशा को फौरन किसी अनहोनी की शंका हुई और वह बिना देरी किए कोलगवां थाने पहुंच गईं. जहां पर उन्होंने अपने पड़ोसी 45 वर्षीय मथुरा रजक पर संदेह जताया. आशा ने स्पष्ट आरोप लगाया कि उसके बेटे के गायब होने में मथुरा का हाथ है. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम बैंक कालोनी में संतोष विश्वकर्मा के मकान में पहुंच गई. इसी मकान में श्रीमती आशा अपने परिवार के साथ किराए से रहती हैं. उक्त मकान में ही मथुरा भी किराए का कमरा लेकर रहता है. मामले को समझने के बाद पुलिस टीम ने दरवाजे पर लटक रहे ताले को तोड़ दिया. लेकिन जब पुलिस टीम ने कमरे के अंदर प्रवेश किया तो वहां का दृश्य देख उनके पैरों तले भी जमीन खिसक गई. कमरे में बिस्तर पर खून से सना एक तकिया पड़ा मिला. लिहाजा पुलिस ने सावधानी बरतते हुए कमरे की तलाशी लेनी शुरु की. पुलिस ने जैसे ही कमरे में रखे नीले ड्रम का ढक्कन उठाया तो उसमें बालक शिवराज का रक्तरंजित शव रखा मिला. यह जानकारी सामने आते ही शिवराज की मां आशा चिघ्घाड़ मारकर रोने लगीं. मामले की गंभीरता को देखते हुए थोड़ी ही देर में कोलगवां थाना प्रभारी सुदीप सोनी, फोरेंसिक अधिकारी डॉ. महेंद्र सिंह और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर शिवेश सिंह बघेल भी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए. पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल सहित आस पास के क्षेत्र का बारीकी से मुआयना करते हुए आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए. जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया गया. पुलिस के अनुसार आरोपी की गिरफ्तारी के हर संभव प्रयास जारी हैं. वहीं परिजनों सहित अन्य लोगों से पूछताछ कर घटना के पीछे की जानकारी जुटाने का प्रयास किया जा रहा है.





### घर में अकेला था बालक



बताया गया कि बालक शिवराज कक्षा 5 का छात्र था और सोमवार की दोपहर अपने घर में अकेला था. उसकी मां आशा जहां दूसरें के घरों का काम निबटाने के लिए गई हुई थी. वहीं उसकी बड़ी बहन पढ़ाई करने के लिए गई हुई थी. इसी कड़ी में शिवराज का बड़ा भाई मजदूरी करने के लिए गया हुआ था. शिवराज के पिता रमेश रजक महाराष्ट्र के नासिक में रहकर वहां की एक टाइल्स फैक्ट्री में काम करते हैं. मूल रूप से नयागांव सभापुर के निवासी रमेश ने अपने परिवार के लिए शहर में किराए का मकान लिया हुआ है.

### `हुआ था विवाद

बताया गया कि बालक शिवराज के पिता कुछ दिनों पहले नासिक से सतना आए थे. उस दौरान रमेश ने अपनी पत्नी आशा के देर से घर लौटने को लेकर आपत्ति जताई थी. इस मामले को लेकर पति और पत्नी के बीच काफी विवाद भी हुआ था. जिसके बाद वे सतना से नयागांव चले गए थे. एक दिन पहले ही वे वहां से लौटकर सतना आए थे. इस दौरान रमेश ने मथुरा को इस बात के लिए कड़ी फटकार लगाई थी कि वह उनकी पत्नी आशा को परेशान करता रहता है. इसे लेकर दोनों के बीच काफी देर तक कहासुनी हुई थी.

### निर्मम हत्या क्यों..?

घटना के संबंध में स्थानीय रहवासियों के जरिए जो जानकारी निकलकर सामने आई उसके अनुसार मथुरा पहले से ही विवाहित था. लेकिन इसके बावजूद भी वह शिवराज की मां आशा के पीछे पड़ा रहता था. यह भी बताया गया कि मथुरा लगातार आशा पर इस बात का दबाव बना रहा था कि वह उसके साथ शादी कर ले. जिसके चलते न सिर्फ आशा बल्कि उनके पति रमेश भी मथुरा की इन हरकतों से काफी परेशान थे. जिसे लेकर कई बार विवाद भी हो चुका था. लेकिन विवाद अथवा रंजिश पालने के चलते कोई व्यक्ति 11 वर्ष के बालक की गला रेत कर निर्मम हत्या कर देगा, इस तर्क पर स्थानीय लोग सहमति नहीं जाहिर कर रहे हैं. अलबत्ता कुछ लोगों द्वारा यह आशंका भी जाहिर की जा रही है कि संभवत: बालक ने कुछ ऐसा देख लिया हो, जिसे दुनियां से छिपाने के लिए उसकी हत्या के अलावा कोई और विकल्प न बचा हो.

### गला रेत कर हत्या



पुलिस द्वारा की गई प्रारंभिक जांच में यह जानकारी सामने आई कि बालक की हत्या हंसिए से गला रेत कर की गई है. हत्या में प्रयुक्त हंसिया भी रसोई के प्लेटफार्म पर रखी मिली. जिसके बाद पुलिस टीम ने प्रमुख तौर संदेही बताए जा रहे मथुरा रजक के बारे में खोजबीन शुरु की. लेकिन मथुरा के कमरे में जहां ताला लटका हुआ था वहीं राखी ड्रई क्लीनर्स नाम की उसकी दुकान भी बंद थी. इतना ही नहीं बल्कि उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ बता रहा था. जिसे देखते हुए पुलिस ने पड़ोसियों सहित परिजनों से पूछताछ करते हुए मथुरा के बारे में जानकारी जुटानी शुरु कर दी.

# तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आकर 2 युवकों की मौत

- आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रक में तोड़फोड़ कर किया विरोध प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज**

**सतना 20 अप्रैल. मैहर जिले के बदेरा थाना क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार 2 युवकों की दर्दनाक मौत हो गई. घटना बाइक के तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने के कारण होना बताया गया. वहीं घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रक में तोड़फोड़ करने के साथ ही मार्ग बाधित कर विरोध प्रदर्शन शुरु कर दिया.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार कटनी जिले के कैमोर थाना क्षेत्र अंतर्गत खेरवा क्र. 2 निवासी गोविंद साकेत उम्र 20 वर्ष पिता अच्छेलाल और अजय साकेत उम्र 21 वर्ष पिता जगदीश अपनी मोटरसाइकिल क्र. एमपी 21 जेडए 8505 पर सवार होकर किसी काम से बदेरा भदनपुर की ओर जा रहे थे. बताया गया कि सोमवार की सुबह लगभग साढ़े 11 बजे जैसे ही उनकी बाइक बंधी के निकट पहुंची वैसे ही सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक क्र. जेएच 02 बीएन 8505 ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर लगने के बाद बाइक सवार दोनों युवक ट्रक की चपेट में आ गए. जिसके चलते ट्रक के पहियों तले रौंद दिए जाने के कारण उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. घटना होती देख ट्रक चालक ने वाहन सहित वहां से भागने का प्रयास किया. लेकिन मौजूद ग्रामीणों ने एकत्र होकर ट्रक का रास्ता रोक लिया. आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रक चालक के साथ मारपीट शुरु कर दी. इसी कड़ी में पथराव करते हुए ट्रक के शीशे तोड़ दिए गए. इतना ही नहीं बल्कि घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग पर ही विरोध प्रदर्शन करना शुरु कर दिया.



### डेढ़ घंटे बाधित रहा मार्ग

घटना के बारे में जानकारी मिलने पर बदेरा थाना प्रभारी अभिषेक सिंह परिहार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए. उन्होंने आक्रोशित ग्रामीणों से चर्चा कर उन्हें समझाने का प्रयास शुरु किया. पुलिस ने बताया कि ट्रक चालक को हिरासत में लेने के साथ ही ट्रक को भी जब्त कर लिया गया है. विवेचना के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी. जिसके चलते ग्रामीणों का आक्रोश कुछ कम हुआ और वे मार्ग से हटने को राजी हो गए. जिसके बाद पुलिस द्वारा दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया.

# नवविवाहिता की मौत पर अस्पताल में हुआ हंगामा

## तेज बुखार आने पर कराया गया था भर्ती, मायके पक्ष ने जताया संदेह

**नवभारत न्यूज**

**सतना 20 अप्रैल. जिला अस्पताल में उपचाररत महिला की मौत की जानकारी सामने आने पर काफी देर तक विवाद की स्थिति बनी रही. मृतका के माएके पक्ष के लोगों द्वारा मौत पर संदेह जताते हुए पति पर आरोप लगाए गए. इस विवाद के चलते मृतका का शव 4 घंटे से अधिक समय तक एंबुलेंस में पड़ा रहा.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के पतेरी क्षेत्र में किराए के मकान में रहने वाले बृजेंद्र उर्फ बबलू सोनी की 22 वर्षीय पत्नी कीर्ती सोनी को रविवार की रात तेज बुखार हो गया. पत्नी की हालत को देखते हुए बबलू उन्हें रात के लगभग 10 बजे जिला चिकित्सालय पहुंचे. जहां पर कीर्ती की गंभीर हालत को देखते हुए आईसीयू में भर्ती कर उपचार शुरु किया गया. लेकिन उपचार के बावजूद कीर्ती की हालत में सुधार नहीं हुआ और सोमवार को भोर में लगभग 5 बजे उन्होंने दम तोड़ दिया. इस घटना की जानकारी मिलने पर बबलू के परिजन अस्पताल पहुंच गए और एंबुलेंस के जरिए मृतका के शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जाने की तैयारी की जाने लगी. चूंकि कीर्ती की मृत्यु हो जाने की सूचना उनके माएके पक्ष के लोगों को भी दे दी गई थी. लिहाजा कीर्ती के पिता राममिलन भी अपने परिवार के कुछ सदस्यों के साथ अस्पताल पहुंच गए. राममिलन द्वारा कीर्ती की मौत को संदिग्ध बताते हुए बबलू सहित उनके परिजनों पर गंभीर आरोप लगाने शुरु कर दिए. जिसके चलते दोनों पक्ष के बीच विवाद होने लगा. शुरु हुए विवाद के चलते काफी देर तक गतिरोध बना रहा. लेकिन बढ़ते विवाद को देखते हुए दोनों पक्षों में शामिल कुछ वरिष्ठ सदस्यों ने हस्तक्षेप किया. जिनके समझाने बुझाने के बाद मामला किसी तरह शांत हो पाया. लेकिन इस विवाद की वजह से 4 घंटे से अधिक समय तक कीर्ती का शव एंबुलेंस में पड़ा रहा.



### हुआ था प्रेम विवाह

परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार अतर्रा बांदा उप्र निवासी बृजेंद्र उर्फ बबलू सोनी द्वारा द्वारा भरतपुर चित्रकूट उप्र निवासी कीर्ती सोनी से 4 वर्ष पहले प्रेम विवाह किया गया था. जिसके चलते उनकी 3 साल की एक बेटी भी है. वे शहर के पतेरी क्षेत्र में किराए के मकान में रहते थे. वहीं बबलू द्वारा शहर कीर एक निजी युनिवर्सिटी में बतौर चालक काम करते हैं. प्रेम विवाह की वजह से माएके पक्ष में नराजगी बनी हुई थी और उनसे संपर्क लगभग टूट सा गया था.



# अमरपाटन में विन्ध्य के दो बड़े कांग्रेस नेता एक साथ

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 20 अप्रैल. विंध्य क्षेत्र के दो दिग्गज कांग्रेस नेता अजय सिंह राहुल और डॉ राजेन्द्र कुमार सिंह एक साथ नजर आए.**

मैहर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे अजय सिंह राहुल अमरपाटन पहुंचे इस दौरान सतना चौराहे में युवा नेता कौशलेंद्र सिंह और विनय चौरसिया के नेतृत्व में फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया इसके बाद अजय सिंह गड़ौली मंदिर पहुंचे जहां पूजा अर्चना कर पूर्व मंत्री व विधायक डॉ राजेन्द्र कुमार सिंह जी के निज निवास शांति निकेतन पहुंचकर उनसे मुलाकात की इस दौरान विक्रमादित्य सिंह गिनी भैया भी मौजूद रहे। इस दौरान कॉग्रेस कार्यकर्ताओं ने अजय सिंह राहुल भईया पूर्व में नेता प्रतिपक्ष का गर्म जोशी के साथ स्वागत किया





मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के एमडी अजय गुप्ता ने संभागीय समीक्षा बैठक ली

# ग्राम गौहरी में बाल विवाह रुकवाया, प्रशासन की तत्परता से बड़ी सफलता

**नवभारत न्यूज**

**सतना 20 अप्रैल. सतना जिले अंतर्गत रामपुर क्षेत्र के ग्राम गौहरी में बाल विवाह की सूचना पर प्रशासन ने त्वरित कार्यवाही करते हुए एक नाबालिग बालिका का विवाह रुकवा दिया।**

यह कार्यवाही कलेक्टर के आदेश और अनुविभागीय अधिकारी के मार्गदर्शन में सोमवार 20 अप्रैल 2026 को की गई। चाइल्ड हेल्पलाइन से मिली सूचना के बाद परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास किरण जुनेजा, बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष चांदनी श्रीवास्तव, सेक्टर पर्यवेक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा रामपुर के पुलिस उपनिरीक्षक (एसआई) अपने बल के साथ मौके पर पहुंचे। जांच में पाया गया कि जिस बालिका का विवाह प्रस्तावित था, उसकी उम्र 16 वर्ष 10 माह है, जो कानूनी विवाह आयु से कम है। जानकारी के अनुसार बड़ी बहन की शादी 25 अप्रैल को तय थी और उसी के साथ दूसरी बहन (नाबालिग) का विवाह भी कराने की तैयारी की जा रही थी। बालिका आठ बहनों में दूसरे स्थान पर है। मौके पर टीम ने बालिका के माता-पिता को बाल विवाह निषेध अधिनियम के तहत नियमों और दंड प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी। प्रारंभ में अज्ञानता के कारण ऐसा कदम उठाने की बात स्वीकार करते हुए माता-पिता ने समझाइश के बाद नाबालिग बेटी का विवाह न करने का आश्वासन दिया।

उन्होंने वीडियो के माध्यम से यह भी कहा कि यदि भविष्य में जबरन विवाह कराने का प्रयास किया गया, तो वे कानूनी कार्रवाई और दंड प्रक्रिया के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे।



### एक नजर में



## प्रदेश महामंत्री डॉ. स्वप्ना ने बंगाल में किया जनसंपर्क

**सतना.** पश्चिम बंगाल में चुनावी माहौल के बीच भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में *मध्य प्रदेश महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री डॉ. स्वप्ना वर्मा* ने पश्चिम बंगाल में विभिन्न कार्यक्रमों और जनसंपर्क अभियान के दौरान महिलाओं को केंद्र सरकार की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

## गुरु गोविंद सिंह शाखा का वार्षिकोत्सव आयोजित

**सतना।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सतना के गुरु गोविंद सिंह शाखा का वार्षिकोत्सव रविवार को संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि रहे संजय अग्रवाल (प्रकाशक) मुख्य वक्ता रहे अनिल पांडेय (प्रांत कृषक कार्य प्रमुख) संचालन रणमत सिंह ने किया अतिथि परिचय शाखा कार्यवाह राजेश कुमार अग्रवाल ने दिया। दण्ड प्रदर्शन सुनील ने लिया, समता पुरुषोत्तम, आसन देवेंद्र, ब्यायम केश कुमार, खेल पुरुषोत्तम, और दण्ड व्यायाम गुलाब ने लिया शरीरिक के पश्चयात सामूहिक गीत केश कुमार, अमृत वचन उमा कांत, एकल गीत बृजेश ने लिया। मुख्य वक्ता ने पंच परिवर्तन एवम हिंदू जागरण पर विस्तृत उद्बोधन दिया.



# शहर में निकली भगवान परशुराम जी की शोभायात्रा

## हजारों हजार की संख्या के उपस्थित रहे ब्राह्मण समाज के लोग

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 20 अप्रैल. ब्राह्मण एकता समन्वय समिति के बैनर तले अक्षय तृतीया के अवसर पर भगवान परशुरामजी की भव्य शोभायात्रा निकाली निकाली गई.**

शोभायात्र के प्रारम्भ में हिन्दू पर्व समन्वय समिति द्वारा भगवान परशुराम जी का स्वागत किया गया शोभा यात्रा पंजाबी गुरुद्वारा सिटी कोतवाली के पीछे रमना टोला से शाम 05 बजे प्रारम्भ हुई जो जयस्तम्भ चौक,बिहारी चौक ,पन्नीलाल चौक,नगर निगम तिराहा,हनुमान चौक,फूल चंद चौक लालता चौक से होते हुए सुभाष पार्क में समाप्त हई शोभायात्र का जगह जगह भव्य स्वागत हुआ अग्रसेन चौक पर गुड्डा शुक्ला पार्षद द्वारा ,बिहारी चौक में मनीष तिवारी द्वारा, पन्नी लाल चौक में विन्ध्य विकास फोरम, पन्नी लाल चौक व्यापारी संघ,विश्व हिंदू महासंघ, हनुमान चौक व्यापारी संघ, सराफा व्यापारी संघ आदि आदि जगह भव्य स्वागत किया गया.शोभायात्र की समाप्ति पर एक सभा का आयोजन किया गया श्री पीयूष दास जी महाराज, कमलाकर चतुर्वेदी, राजाराम त्रिपाठी ने सभा को सम्बोधित किया इस दौरान मंच पर बिरसिंहपुर के संत,कोठी के संत, योगेश ताम्रकार, नीलांशु चतुर्वेदी, गुलाब शुक्ला उर्मिला त्रिपाठी,ममता पाण्डेय,उदय शरण चतुर्वेदी डी के तिवारी आदि मंचासीन रहे जहां पर ब्राह्मण समाज मे मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया तपश्चात भगवान की आरती के बाद भन्डारे प्रसाद का वितरण किया गया . शोभायात्रा में मुख्यरूप से सर्व ब्राह्मण संगठन,भारतीय ब्राह्मण कल्याण महासंघ, विप्र सेना,परशुराम सेवा समिति,सनातनी सेवक,सवर्ण विचार मंच, ब्राह्मण महा जागरण मंच सहित कई अन्य ब्राह्मण एवम समाजिक संगठन,वार्डो की समितियां इस शोभायात्रा में शामिल रहेंगे शोभायात्र में मुख्य रूप से रत्नाकर चतुर्वेदी, योगेश शर्मा , राजेश द्विवेदी,नरेंद्र त्रिपाठी, श्रीराम मिश्रा प्रणय धाराधर ,उपेन्द्र मिश्रा रामशंकर पयासी,राम कुमार तिवारी,अमित अवस्थी,स्वतंत्र मिश्रा,के के तीवारी रमाशंकर मिश्रा ,अतुल शुक्ला,प्रदीप समदड़िया,विपिन चतुर्वेदी,मनोज अग्निहोत्री, गबलु पटनहा, अफसर सकरिया, राजेश द्विवेदी , छवि त्रिपाठी राकेश मिश्रा, श्रीराम पाण्डेय, मेहुल शुक्ला, अरुण तिवारी प्रणय धराधर,उपेन्द्र मिश्रा ,रामशंकर मिश्रा, प्रवेश मिश्रा , अनिल शर्मा ,सनी द्विवेदी ,जान्हवी त्रिपाठी,पूजा मिश्रा,नीतू मिश्रा,आशा शुक्ला अंजली त्रिपाठी पवन, कृष्णा पाण्डेय,,पकज शुक्ला,अनुराग द्विवेदी, विमलेश तिवारी, संजू गर्ग,शिवम तिवारी, सहित हजारों हजार की संख्या के महिलाएं,पुरुष,युवा बुजुर्ग सम्मलित रहे









## शोभायात्रा में शामिल हुई हिंदू पर्व समन्वय समिति

**सतना।** भगवान श्री परशुराम जी की शोभायात्रा में हिंदू पर समन्वय समिति ने सहभागिता की समिति के हरिओम गुप्ता ने बताया कि समिति के अध्यक्ष मणिकांत महेश्वरी उत्तम बनर्जी योगेश ताम्रकार सतीश सुखेजा कमलजीत सिंह सेठी लखनलाल केशरवानी हरिओम गुप्ता हेमचंद्र जैसवाल रामचरण गुप्ता धर्मेंद्र गोयल जितिन यादव रोहित अग्रवाल राजेश मेहता अशोक खानेचा सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने सभी विप्र बंधुओं का स्वागत अभिनंदन किया एवं मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर हिंदू पर समन्वय समिति के अनेक सदस्य शामिल हुए।